राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०) उ०प्र०

(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)

प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010

दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– ३०८ / 241 / एन0यू0एल0एम0 / 2015–16(समीक्षा) दिनांक– 29-5-17

समस्त परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0।

विषय: DAY-NULM की प्रगति हेतु शहर स्तर पर शहर मिशन प्रबन्धक एवं सामुदायिक आयोजक के साथ साप्ताहिक व मासिक बैठक करने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वर्तमान में प्रदेश के 82 चयनित शहरों में शहरी गरीबों के उत्थान हेतु DAY-NULM को कियान्वित किया जा रहा है। मिशन के प्रत्येक घटक में निर्धारित वित्तीय लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने हेतु समय–समय पर SUDA/SULM स्तर से निर्देशित किया जा रहा है साथ ही परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 की मासिक समीक्षा बैठक प्रत्येक माह मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाती है। मासिक समीक्षा बैठक में इस बात की आवश्यकता प्रतीत हुई है कि शहर स्तर पर परियोजना अधिकारियों द्वारा शहर मिशन प्रबन्धक व सामुदायिक आयोजक की बैठक करेंगे ताकि प्रत्येक शहरों में मिशन की निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित हो सके, साथ ही मिशन के प्रत्येक घटक पर समय–समय पर प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों की भी जानकारी हो सके, ताकि मिशन का कियान्वयन सफलतापूर्वक शहरों में हो सके।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे सी0एम0एम0यू0 में कार्यरत शहर मिशन प्रबन्धक व सामुदायिक आयोजक के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक कर लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं उनकी पूर्ति में आ रही समस्याओं का निराकरण कर आवश्यक निर्देश भी देंगे, जिससे कि मिशन के घटकों में वांछित प्रगति सुनिश्चित हो सके।

इसी प्रकार शहर मिशन प्रबन्धक व सामुदायिक आयोजक स्थलीय भ्रमण व मिशन के समस्त घटकों का पर्यवेक्षण तथा पाक्षिक बैठक ESTP/RO के साथ करेंगे तथा पाक्षिक समीक्षा करके प्रगति से परियोजना अधिकारी को अवगत करायेंगे, जिससे कि मिशन के समस्त घटकों में भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति समय से सुनिश्चित हो सकें।

उपरोक्त बैठकों की फोटोग्राफ एवं कार्यवृत्त को Whats app Group में व इसकी प्रति मुख्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. समस्त परियोजना निदेशक / नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
3. [illegible]
4. समस्त शहर मिशन प्रबन्धक / सामुदायिक आयोजक, सी0एम0एम0यू0, उ0प्र0।
5. सहा0 वेब मास्टर, सूडा को वेबसाइड पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक